# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की वित्त समिति की दिनांक 10.06.2020 को मध्यान्ह 12:30 बजे सम्पन्न 12वीं बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुएः

1. प्रो0 एन0बी0 सिंह — अध्यक्ष
   कुलपति
   एवम्
   अध्यक्ष, वित्त समिति
   एच0बी0टी0यू0 कानपुर।

2. प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला — विशेष आमंत्री
   प्रति–कुलपति,
   एच0बी0टी0यू0 कानपुर।

3. श्री अवध किशोर — सदस्य
   (प्रतिनिधि–प्रमुख सचिव,प्राविधिक शिक्षा)
   उप सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,
   उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ।

4. श्री अजय जौहरी — सदस्य
   (प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव वित्त)
   अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन,
   कानपुर मण्डल कानपुर।

5. डा0 नीरज कुमार सिंह — सदस्य
   कुलसचिव,
   एच0बी0टी0यू0 कानपुर।

6. श्री राजेश सिंह — सदस्य–सचिव
   वित्त नियंत्रक,
   एच0बी0टी0यू0 कानपुर।

7. श्रीमती ऐश्वर्या — विशेष आमंत्री
   वित्त एवं लेखाधिकारी,
   एच0बी0टी0यू0 कानपुर।

समिति की बैठक सदस्यों के परिचयोपरान्त मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से हुई।

**12.01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 24/02/2020 को मध्यान्ह 12:30 बजे सम्पन्न 11वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

समिति द्वारा दिनांक 24/02/2020 को सम्पन्न वित्त समिति की 11वी बैठक के कार्यवृत्त पर किसी सदस्य की कोई टिप्पणी/टीकायें प्राप्त न होने के दृष्टिगत पुष्टीकरण किया गया।

**12.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 24/02/2020 को अपरान्ह 12.30 बजे सम्पन्न 11वीं वित्त समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति ने वित्त समिति की दिनांक 24.02.2020 को सम्पन्न 11वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाहियों को संज्ञान में लिया तथा कृत कार्यवाही मद 11. 03 के अधीन व्याधिक्य का औचित्य भी अंकित किये जाने हेतु निर्देशित किया ।

**12:03 विश्वविद्यालय के कार्यो हेतु Automation (ERP) का कार्य MKT Softwares (Pvt.)Ltd. के सहयोग से संज्ञान ज्ञाप में विहित व्यवस्था के अधीन कार्यावधि का विस्तार किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में आटोमेशन से संबंधित अन्य शेष कार्यो हेतु 09 माह के कार्य विस्तारण के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया।

**12:04 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर विचार।**

**12:04:01 कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत विश्वविद्यालय में एक्सटर्नल ऑन लाइन परीक्षा कराने की स्थिति में आने वाले व्यय का वहन छात्रों से लिये गये परीक्षा शुल्क से किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने विचारोपरान्त मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा दिनांक 04/06/2020 को लिये गये निर्णय के कम में छात्रों के एक्सटर्नल ऑन लाइन परीक्षा कराने की स्थिति में आने वाले व्यय को छात्रों से लिये गये परीक्षा शुल्क से वहन किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

**12.04:02. विश्वविद्यालय केन्द्रीय क्रय समिति की दिनांक 05.06.2020 को सम्पन्न 11वीं बैठक में लिये गये निर्णय विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय की केन्द्रीय क्रय समिति की 11वीं बैठक में लिए गये निर्णयों से सम्बन्धित कार्यवृत्त को संज्ञान में लेते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

**12:04:03 विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र् 2020–21 में नव प्रवेशित छात्रों से शिक्षण एवं विभिन्न शुल्क आदि लिये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त वर्तमान में कोविड–19 की महामारी के दृष्टिगत आगामी शैक्षिक सत्र् 2020–21 में गत शैक्षिक सत्र् के शुल्क के सापेक्ष 10 प्रतिशत फीस न बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में अनुमोदन प्रदान किया गया, अर्थात आगामी शैक्षिक सत्र् 2020–21 में नव–प्रवेशित छात्र–छात्राओं का शुल्क, गत शैक्षिक सत्र् 2019–20 में नव–प्रवेशित छात्र–छात्राओं से लिए गये शुल्क के समान रहेगा।

(राजेश सिंह)
सदस्य–सचिव,
वित्त समिति
एच0बी0टी0यू0 कानपुर

**(प्रो0 एन0बी0 सिंह)**
अध्यक्ष,
वित्त समिति
एच0बी0टी0यू0 कानपुर